<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–01 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारत की दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था की पहचान बरकरार, तीसरी तिमाही में छह दशमलव दो प्रतिशत से अधिक दर्ज हुई जीडीपी दर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ परियोजनाओं की समीक्षा की, कहा–बाढ़ की दृष्टी से संवेदनशील और अति संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता रखें विभाग।
- प्रदेश विधानमंडल में वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के बजट पर हुई चर्चा, प्रदेश सरकार ने किया आश्वस्त–पूरी तरह से बेरोजगारों के साथ है सरकार।
- महाकुंभ के बाद मेला क्षेत्र में शुरू हुआ विशेष स्वच्छता अभियान, अग्निशमन विभाग की गाड़ियों से सभी जिलों में भेजा जा रहा है पवित्र त्रिवेणी संगम का जल।
- उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने घोषित किया पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम।

**********

देश में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव दो प्रतिशत से अधिक दर्ज हुई । यह पिछली तिमाही में पांच दशमलव छह प्रतिशत दर्ज हुई थी। इस तरह भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था की पहचान को बरकरार रखा है। एक रिपोर्ट

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन के जारी पहले संशोधित अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2024–25 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद दर में 6 दशमलव 5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। मंत्रालय ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान वास्तविक वृद्धि दर 9 दशमलव 2 प्रतिशत दर्ज हुई। इस बीच, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वर्ष 2024–25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत की वर्तमान ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया है। सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के संगठन ने वर्ष 2022–23 में ब्याज दर आठ दशमलव एक–पांच प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2023–24 में आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत की थी। मुकेश कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लखनऊ में बाढ़ संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अध्ययन के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की दृष्टी से संवेदनशील और अति संवेदनशील श्रेणी के जिलों को लेकर विभाग को विशेष सतर्कता रखनी होगी। इन जिलों के तटबंधों का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों के सभी तटबंधों की सतत निगरानी और ड्रेन की इकतीस मार्च से पहले सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से नदियों में अवैध खनन रोकने और बाढ़ कंट्रोल रूम को चौबीस घंटे सक्रिय रखने के लिए भी कहा।

**********

प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में कल वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के बजट पर चर्चा हुई। विधानसभा की कारवाई के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। विधानसभा में शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने बेरोजगारी, नौकरियों में आरक्षण और परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने का मुददा उठाया। सपा सदस्यों के नौकरियों में आरक्षण समाप्त होने के मुददे पर जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार पारदर्शी तरीके से लोगों को नौकरियां दे रही है।

**सरकार की मंशा अगर देखी जाये और उसने प्रमाण भी दिया है। सरकारी नौकरी से लेकर निजी, लेकिन हर स्तर तक हम बात की कोशिश किया है कि हम बेरोजगारों को हर हालत में रोजगार दे और जो हुनरमंद होता है किसी न किसी रूप में वो खाली नहीं है। ये सरकार पूरी तरीके से बेरोजगारों के साथ है।**

सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने सदन से वॉक आउट किया। शून्य प्रहर के बाद शुरू हुई बजट पर चर्चा में भाजपा के पंकज सिह, अंजुला माहौर, और समाजवादी पार्टी से शिवपाल यादव और डॉ रागिनी सोनकर सहित अन्य विधायकों ने हिस्सा लिया।

वहीं, प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य डॉ. राकेश वर्मा के सवाल पर बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष दो हजार सत्रह से लेकर अब तक साढ़े सात लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी है। यह पिछली सपा और बसपा सरकार में युवाओं को मिली सरकारी नौकरी की तुलना में अधिक है।

उधर, विधान परिषद में कल समाजवादी पार्टी ने निजीकरण और आरक्षण का मुद्दा उठाया। जवाब में नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार आरक्षण के पक्ष में है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय बहादुर पाठक ने महाकुम्भ के

सफलतापूर्वक आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव रखा जिसे सभापति ने स्वीकार कर लिया।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की सफाई कराने को कल मंजूरी दे दी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया मस्जिद परिसर में साफ सफाई कराएगा, हालांकि कोर्ट ने रंगाई–पुताई, मरम्मत और लाइटिंग को लेकर कोई आदेश नहीं दिया है। इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय चार मार्च को अपना फैसला सुनाएगा।

**********

महाकुंभ के समापन के बाद भी प्रयागराज में श्रद्धालुओं के पहुंचने और पावन स्नान का सिलसिला जारी है। सभी श्रद्धालु साफ और स्वच्छ संगम में स्नान कर सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्रयागराज दौरे में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में कल से प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू हो गया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**45 दिनों तक चले महाकुंभ के समापन के बाद मेला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान शुरु हो गया । पंद्रह दिनों तक चलने वाले विशेष अभियान में स्वच्छता मित्र और गंगा सेवा दूत संगम क्षेत्र, घाटों, मंदिरों और सड़कों की सफाई करेंगे। साथ ही मेला क्षेत्र में लगाये गये 1.5 लाख अस्थाई शौचालयों को भी डिसमेंटल कर हटाया जाएगा। मेला क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण नैनी स्थित बसवार प्लांट में किया जाएगा। मेला क्षेत्र में लगाये गये साधु–संन्यासियों और कल्पवासियों के टेंट हटाने के साथ है नगर निगम प्रयागराज शहर को हरित, साफ और स्वच्छ बनाने के काम में जुट गया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

महाकुंभ के समापन के बाद कल त्रिवेणी संगम तट पर दिगम्बर अखाड़े के महंत राम गोपाल दास महाराज के शिविर में स्वच्छता कर्मियों के लिए सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

**********

महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम पर पहुंच कर स्नान न कर पाने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष पहल की है। अग्निशमन विभाग की मदद से ऐसे लोगों के लिए सभी पचहत्तर जिलों में पवित्र संगम का जल भिजवाया जा रहा है। प्रयागराज में मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सभी जिलों में त्रिवेणी का जल अग्निशमन विभाग की गाड़ियों के जरिये रवाना किया गया है।

**********

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जल्दी ही बागपत ,कासगंज और हाथरस में पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के तहत मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। साथ ही बलरामपुर में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के सैटेलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। एक रिपोर्ट

**प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओँ को विस्तार देते हुए वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज के तहत प्रदेश सरकार ने इन परियोजनाओं को वायबिलिटी गैप फंडिंग के तहत मंजूरी दी है, जिससे सरकारी और निजी साझेदारी के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। बागपत, कासगंज और हाथरस में मेडिकल कॉलेजों के संचालन के लिए न्यूनतम निविदादाता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें सरकारी सहयोग के साथ–साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कल पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें पंद्रह हजार छाछठ अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया है कि यह परीक्षा बाईस दिसम्बर को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**********

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच कल रात कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। अलीगढ़ जिले में कई स्थानों पर कल देर रात तेज आंधी के साथ ओले पड़े। वहीं, बदायूं जिले के उसावां ब्लॉक में सबसे ज्यादा ओलावृष्टि हुई है। प्रदेश के जौनपुर, पीलीभीत, श्रावस्ती, शामली, अमरोहा और मुजफ्फरनगर में बारिश के कारण कल तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश जारी रहने की संभावना बनी हुई है।

**********